# सफारी एक्सप्रेस

OCTOBER-NOVEMBER-DEEMBER-2024




## निदेशक की कलम से

इटावा सफारी पार्क, इटावा द्वारा इस त्रैमासिक न्यूज लेटर के चतुर्थ अंक के माध्यम से माह अक्टूबर, नवम्बर एवं दिसम्बर 2024 में सफारी पार्क में हुई मुख्य गतिविधियों को संक्षेप में प्रस्तुत किया जा रहा है। यह सम्पूर्ण अंक सफारी पार्क एवं वन्यजीव संरक्षण को समर्पित है जिसमें सफारी पार्क में पाए जाने वाले वन्यजीवों एवं उनसे सम्बन्धित जानकारी उपलब्ध करायी जा रही है। इटावा सफारी पार्क द्वारा इन तीन माह में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया।

हमें हर्ष है कि इस न्यूज लेटर के माध्यम से सफारी पार्क के सामान्य क्रियाकलापों के साथ-साथ वन्यप्राणियों के संरक्षण हेतु इटावा सफारी पार्क प्रबन्धन द्वारा की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों से आपका परिचय कराया जा रहा है।

(डा. अनिल कुमार पटेल)
भा.व.से.
निदेशक
इटावा सफारी पार्क, इटावा




Address :
Director, Etawah Safari Park
Etawah Gwalior Road,
Etawah - 206001
Phone : +91-7839435094
Email : dirlsetawah@gmail.com

Etawah Safari Park remains closed for tourists on Monday

FACEBOOK INSTAGRAM TWITTER

# वन्यप्राणि सप्ताह 2024 का आयोजन

इटावा सफारी पार्क में वन्यप्राणि सप्ताह 2024 का आयोजन किया गया। यह आयोजन दिनांक 01 से 07 अक्टूबर तक चला। जिसमें मुख्य रूप से वन्यप्राणि के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से दिनांक 01 अक्टूबर को प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। यह प्रभात फेरी नगर पालिका परिषद प्रागढ़ से प्रारम्भ होकर सफारी पार्क में समाप्त हुई। इसके अतिरिक्त दिनांक 03 अक्टूबर को पेंटिग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया यह प्रतियोगिता दो वर्गों सीनियर व जूनियर वर्ग में आयोजित की गयी। इसके साथ ही दिनांक 04 अक्टूबर को परिषदीय विद्यालयों के छात्राओं की श्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 05 अक्टूबर को मोबीवॉक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा सारस पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। दिनांक 06 अक्टूबर को नेचर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा दिनांक 07 अक्टूबर को वन्यजीव पर आधारित फैंसी ड्रेंस शो का आयोजन किया गया तथा कार्यक्रम का समापन किया गया। वर्ष 2024 में वन्यप्राणि सप्ताह की ओवर ऑल चल वैजन्ती अर्चना मैमोरियल सरस्वती ज्ञान मंदिर इण्टर कालेज इटावा को प्रदान की गयी।













# महाभारत के गुरू द्रोणाचार्य का सफारी पार्क में भ्रमण

फिल्म जगत एवं टेलीविजन कलाकार सुरेन्द्र पाल ने दिनांक 05 नवम्बर 2024 को इटावा सफारी पार्क का भ्रमण किया। इस मौके पर उनके द्वारा सफारी पार्क में मस्ती करते शेरों को देखकर काफी प्रसन्न हुए तथा सफारी पार्क प्रबन्धन को इस सराहनीय कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।





# प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उ0प्र0, का सफारी पार्क में भ्रमण

प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश श्री सुधीर कुमार शर्मा जी द्वारा दिनांक 24.11.2024 को इटावा सफारी पार्क का भ्रमण किया गया। इस मौके पर उनके द्वारा इटावा सफारी पार्क के लेपर्ड सफारी, एंटीलोप सफारी, डियर सफारी, भालू सफारी, ब्रीडिंग सेंटर, चिकित्सालय व लॉयन सफारी का भी निरीक्षण किया गया तथा वन्यजीवों के स्वास्थ्य आदि पर सफारी पार्क के वन्यजीव चिकित्सकों एवं सफारी प्रशासन से चर्चा की। इसके अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश द्वारा इटावा सफारी पार्क के नवजात शावकों की देखभाल करने वाले अजय सिंह व आसिफ अली तथा भालुओं के सामान्य व्यवहार का अध्ययन करने एवं उन्हें एक समूह में करने में विशेष योगदान देने वाले राधाकिशन व विशाल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही इटावा सफारी पार्क के अधिकारियों व कर्मचारियों तथा डा0 राकेश कुमार सिंह उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी पशुपालन विभाग द्वारा लिखित पुस्तक ''बब्बर शेरों का रोमांचक संसार'' का विमोचन किया गया।





# प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव उ0प्र0, का सफारी पार्क में भ्रमण

दिनांक 28 नवंबर 2024 को इटावा सफारी पार्क इटावा के निरीक्षण दौरे पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव एवं मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक उत्तर प्रदेश इटावा आये। एक दिवसीय भ्रमण के अंतर्गत उनके द्वारा सफारी पार्क की समस्त सफारी का निरीक्षण किया गया। लेपर्ड सफारी में 02 लेपर्ड् (तेंदुए) एवं भालू सफारी में छह भालुओं को खुले में विचरण करते देखकर उन्होंने बहुत प्रसन्नता व्यक्त की। सफारी भ्रमण के उपरांत उनकी अध्यक्षता में इटावा सफारी पार्क समिति की कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुछ सदस्यों द्वारा ऑनलाइन माध्यम से भी प्रतिभाग किया गया। इटावा सफारी पार्क की कार्यकारी निकाय की बैठक का आयोजन पहली बार लखनऊ से बाहर किया गया है। बैठक में सफारी पार्क के प्रचार प्रसार पर अधिक बल देने हेतु निर्देश दिए गए।





## पार्क के कर्मचारियों का रेस्क्यू प्रशिक्षण कार्यक्रम

इटावा सफारी पार्क के समस्त कर्मचारियों हेतु वन्यजीवों के रेस्क्यू प्रशिक्षण हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 02 दिसम्बर 2024 को किया गया। जिसमें निदेशक इटावा सफारी पार्क डा0 अनिल कुमार पटेल द्वारा रेस्क्यू के सम्बन्ध में अपने अनुभवों एवं बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया गया। इस मौके पर पशुपालन विभाग के उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 आर0के0 सिंह द्वारा लेपर्ड, टाइगर एवं अन्य वन्यजीवों के रेस्क्यू हेतु प्रयोग किये जाने वाले उपकरणों एवं उनके प्रयोग के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी से अवगत कराया गया। इसके साथ ही सफारी पार्क के बायोलॉजिस्ट बी0एन0 सिंह, पशु चिकित्सक डा0 रोबिन सिंह यादव, डा0 शैलेन्द्र सिंह, रेस्क्यू से सम्बन्धित जानकारी साझा की गयी। इस मौके पर सफारी पार्क के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे जिन्हें वर्तमान में सफारी पार्क में वास कर रहे वन्यजीवों के समुचित देखरेख हेतु सावधानियां बरतने हेतु भी प्रशिक्षित किया गया।







## दिव्यांगजन पर्यटकों हेतु ब्रेल गैलरी का शुभारम्भ

इटावा सफारी पार्क में दिनांक 13 दिसम्बर को जनपद आगरा के रुनकता में स्थित महाकवि सूरदास नेत्रहीन विद्यालय सूरकुटी से दृष्टि बाधित 40 दिव्यांगजनों को भी आज इटावा सफारी पार्क का भ्रमण कराया गया। ब्रेल लिपि पर आधारित वन्य जीवो से संबंधित ब्रेल गैलरी का शुभारंभ इन दृष्टि बाधित दिव्यांगजनों द्वारा किया गया। सभी छात्रों द्वारा ब्रेल लिपि में अंकित वन्यजीवों से सम्बन्धित रोचक जानकारी प्राप्त की गई तथा सफारी भ्रमण के बाद प्रसन्नता व्यक्त की गई। पर्यटकों को सफारी पार्क के बारे में जानकारी देने हेतु बनायी गई ऑडियो गाइड के माध्यम से इन सभी बच्चों को जानकारी प्रदान की गयी।






## इस त्रैमास में नये मेहमानों का आगमन

लखनऊ के नबाव वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान से 03 नये मेहमानों बारहसिंघा (Swamp Deer) को दिनांक 23 दिसम्बर को इटावा सफारी पार्क में लाया गया है। इन मेहमानों को इटावा सफारी पार्क के क्षेत्रीय वन अधिकारी बायोलॉजिस्ट, पशु चिकित्सक एवं कीपरों की देखरेख में लाया गया।



## इस त्रैमास में विशिष्टजनों का भ्रमण

- श्री सुरेन्द्र पाल सिंह, फिल्म टी0वी0 कलाकार मुम्बई।
- श्री सुरेश शर्मा, फोरिस्ट ऑफीसर, नेपाल।
- डा0 फाकिरप्पा कांगिनिली, आंध्र प्रदेश।
- मा0 न्यायमूर्ति जयंत बनर्जी, उच्च न्यायालय, लखनऊ बेंच
- डा0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह, सभापति, शिक्षा व्यवसायीकरण जांच समिति उ0प्र0।
- श्री विनय सिंह, आई.ए.एस. हिमाचल प्रदेश।
- श्री संग्राम सिंह यादव, विधायक फेफना, बलिया।
- श्री रामचन्द्र सिंह प्रधान सदस्य विधान परिषद उ0प्र0।
- डा0 अरूणाचलम, निदेशक, केन्द्रीय कृषिवानिकी अनुसंधान, झांसी
- डा0 एस0 कुमार, आई.एफ.एस. निदेशक, दिल्ली प्राणि उद्यान।
- डा0 यशपाल रामोले, मेडिकल कॉलेज भोपाल मध्य प्रदेश।

मुख्य सम्पादक : डा0 अनिल कुमार पटेल, भा0व0से0
सम्पादकीय टीम : डा0 विनय कुमार सिंह, प्रा0व0से0, श्री बी0एन0 सिंह, प्रा0व0से0 (से0नि0)
डिजायन : शशांक पटेल